


# दीपक तिजोरी की फिल्म टिप्सी का ट्रेलर हुआ रिलीज

**मुंबई।** दीपक तिजोरी की फिल्म टिप्सी का गुरुवार 25 अप्रैल को ट्रेलर रिलीज हुआ। इस इवेंट को मुंबई में रखा गया, जिसमें निर्देशक महेश भट्ट और पूजा भट्ट भी शामिल हुए। इस फिल्म में दीपक के अलावा अलंकृता सहाय नताशा सूरी कैनात अरोरा नाजिया हुसैन सोनिया बिर्जे हरजिंदर सिंह मनदीप कौर संधू और दानिश भट्ट नजर आ रहे हैं। 2 मिनट 32 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत गोवा जैसे खूबसूरत शहर से होती है। जहां 5 लड़कियों का एक ग्रुप घूमने जाता हैं, लेकिन इन लड़कियों के लिए ये गोवा का ट्रीप आफत बन जाएगा। इसके बारे में नहीं पता था। गर्लस का ये ट्रीप उन्हें जेल की हवा खाने पर मजबूर कर देता है। ट्रेलर में दीपक तिजोरी की भी दमदार एंट्री देखने को मिलती है। जोकि एक पुलिस अफसर के किरदार में नजर आ रहे हैं। दीपक के अलावा अलंकृता सहाय, नताशा सूरी, कैनात अरोरा, नाजिया हुसैन, सोनिया बिर्जे, हरजिंदर सिंह, मनदीप कौर संधू और दानिश भट्ट नजर आ रहे हैं।

लाइफ Style

# विद्या बालन

## मामूटी ने निभाया है अद्भुत रोल

बॉलीवुड में कम ही ऐसी एक्ट्रेसेज हुईं जिनकी तुलना तीनों खान्स से की जाती हो. विद्या बालन उनमें से एक हैं. विद्या की लेटेस्ट फिल्म 'दो और दो प्यार' इन दिनों थिएटर्स में है. हर बार की तरह इस बार भी उनके काम को देखने वालों ने काफी पसंद किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अब विद्या ने कुछ ऐसा कहा है जो शायद बॉलीवुड फैन्स को बहुत पसंद ना आए। विद्या मलयालम सिनेमा की बात कर रही थीं और इसी सिलसिले में उन्होंने मलयालम सुपरस्टार मामूटी की जमकर तारीफ की। मामूटी की बात करते हुए विद्या ने उनके एक लेटेस्ट किरदार का जिक्र किया और कहा कि बॉलीवुड का कोई लीडिंग स्टार वैसा किरदार नहीं निभा सकता। उन्होंने यहां तक कह दिया कि ऐसा होना 'असंभव' है।

विद्या ने मामूटी की फिल्म 'काथलः द कोर' की बात की। इसके लिए विद्या ने केरल की ऑडियंस को भी क्रेडिट दिया। उन्होंने कहा, 'हमें ये मानना पड़ेगा कि केरल में ज्यादा पढ़ी लिखी ऑडियंस है। ये एक बहुत बड़ा अंतर है। वहां के सबसे निचले तबके के आदमी की समझ भी बहुत अलग है। उन्होंने (मामूटी) ने जो किया मैं उसे कम नहीं बता रही, लेकिन वहां ये करना आसान है। ये एक सोसाइटी का रिफ्लेक्शन है।' विद्या ने मामूटी के 'काथलः द कोर' वाले किरदार को स्पेशल कहने की वजह बताते हुए कहा, 'उन्होंने ये नहीं सोचा कि इससे उनकी मर्दानगी पर कोई असर पड़ेगा। वो बहुत सिक्योर एक्टर हैं।' विद्या ने ये भी बताया कि इस रोल के लिए मामूटी को कॉम्प्लीमेंट करने के लिए उन्होंने, उनके बेटे और एक्टर दुलकर सलमान को मैसेज किया था।



## हॉलीवुड मसाला



# सिंगर मंडिसा की घर में मिली लाश

**मुंबई।** अमेरिकन आइडल फेम ग्रैमी अवॉर्ड विनर सिंगर मंडिसा लिन हंडले की मौत हो गई है। उनका शव रहस्यमय परिस्थितियों में उनके घर से बरामद हुई है। पुलिस जहां जांच में जुटी है, वहीं परिवार और टीम ने भी एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। उनके मौत के कारणों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकी अमेरिकी सिंगर मंडिसा की 47 साल की उम्र में मौत हो गई है। अमेरिकन आइडल फेम सिंगर की लाश उनके टेनिसी के फ्रैंकलिन स्थित घर में रहस्यमय परिस्थितियों में मिली है।



# 'अमेरिकन ब्यूटी' के डर से मां-बाप ने टीवी में लगा दिया था लॉकर

**मुंबई।** कुछ ऐसी फिल्में बनती हैं, जो दर्शकों के दिलों में हमेशा के लिए छाप छोड़ देती हैं। फिर चाहे वो बॉलीवुड हो, साउथ हो या फिर हॉलीवुड फिल्में क्यों ना हों। आज से ठीक 33 साल पहले एक हॉलीवुड मूवी रिलीज हुई थी, जिसका नाम 'अमेरिकन ब्यूटी' था। ये फिल्म इतनी बोल्ड थी कि लोगों को अपने टीवी में चाइल्ड लॉक तक लगाना पड़ गया था। फिर भी फिल्म ने पांच ऑस्कर अवॉर्ड झटके थे और उस जमाने में फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया था। 'अमेरिकन ब्यूटी' फिल्म की कहानी उस जमाने के हिसाब से बहुत ज्यादा बोल्ड थी। एक ऐसे आदमी की कहानी, जो बीवी और बेटी के साथ रहता है, लेकिन बीवी संग उसके रिश्ते ठीक नहीं है, गाली-गलौज होती रहती है और बेटी इस वजह से अपने पैरेंट्स से नफरत करती है और उनसे बात नहीं करती। उस आदमी की जिंदगी में एक दिन तब बहुत बड़ा बदलाव आ जाता है, जब वो बेटी की दोस्त को देखता है। उसे देखकर मन में अश्लील ख्याल आने लगते हैं। फिल्म के कुछ सीन्स तो ऐसे हैं कि जिन्हें देखकर आप अपनी आंखें मूंद लेंगे।

# अगस्त्य नंदा के साथ डेब्यू करेंगी सिमर



मुंबई। सिमर ने एक आउटसाइडर की तरह इंडस्ट्री में एंट्री ली है। उनके मामा अक्षय कुमार, बड़े आराम से उन्हें एक बड़े लॉन्च का प्लेटफॉर्म दे सकते थे, लेकिन सिमर ने ऑडिशन देकर अपना डेब्यू प्रोजेक्ट पाया है. उन्होंने फिल्म में अपने ज्यादातर हिस्से के लिए शूट भी कर लिया है। अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने कुछ समय पहले ही नेटफ्लिक्स फिल्म 'आर्चीज' से अतिंग डेब्यू किया था, इसके बाद ही उन्हें उनका अगला प्रोजेक्ट भी मिल गया और वो 'अंधाधुन' डायरेक्टर श्रीराम राघवन की फिल्म 'इक्कीस' से बड़ी स्क्रीन पर भी डेब्यू करने जा रहे हैं। अगस्त्य के साथ फिल्म में लीडिंग लेडी कौन होंगी, अभी तक इस बात पर सस्पेंस बना हुआ था। मगर अब ऐसी रिपोर्ट्स आ रही हैं कि 'इक्कीस' में अगस्त्य के साथ लीडिंग लेडी को भी फाइनल कर लिया गया है। इस बारे में जो जानकारी आ रही है, उससे अक्षय कुमार फैन्स बड़े खुश हो जाएंगे. श्रीराम राघवन की 'इक्कीस' के लिए जहां अगस्त्य का नाम फाइनल था. वहीं अब फिल्म की एक्ट्रेस भी फाइनल कर ली गई है। इसमें अब अक्षय कुमार की भांजी, सिमर भाटिया फीमेल लीड प्ले करेंगी।

# दर्शकों की कमी से कई थिएटरों में ताला लटकने की नौबत

**मुंबई।** मजेदार संयोग ये है कि बीते साल भी मई में ऐसी ही स्थिति थी। हालांकि, तब हॉलीवुड की 'गार्डियंस ऑफ़ द गैलेक्सी', 'फास्ट एक्स' और 'द केरल स्टोरी' ने जान बचा ली थी। 'बॉलीवुड हंगामा' की रिपोर्ट के मुताबिक, दर्शकों की कमी को देखते हुए 800 सीटों वाले मुंबई के गैलेक्सी थिएटर को कुछ दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। यह जी 7 मल्टीप्लेक्स का एक हिस्सा है, जिसे मशहूर 'गेयटी-गैलेक्सी' के नाम से भी जाना जाता है। यह सिंगल स्क्रीन थिएटर बीते शुक्रवार, 19 अप्रैल से बंद है।



### आगरा में 30 रुपए में टिकट, पर नहीं आ रहे दर्शक

एक चौंकाने वाला उदाहरण आगरा में 'राजीव सिनेमा' का है। यहां टिकट की कीमतें घटाकर 30 रुपए और 50 रुपए कर दी गई हैं। लेकिन फिर भी बात नहीं बन रही है। बिहार के पूर्णिया में 'रूपवाणी' सिनेमा के मालिक विशेक चौहान कहते हैं, 'बहुत सारे एग्जीबिटर्स फोन कर रहे हैं, पूछ रहे हैं कि क्या हमें दो महीने के लिए सिनेमाघर बंद कर देना चाहिए?' इंडस्ट्री के जानकार बताते हैं कि लोकसभा चुनाव के कारण कोई भी फिलहाल बड़ी फिल्म रिलीज करने की नहीं सोच रहा है।

### 'क्या करते हम, कोई फिल्म नहीं चल रही'

इस बारे में 'जी7 मल्टीप्लेक्स' और 'मराठा मंदिर' सिनेमा के कार्यकारी निदेशक मनोज देसाई कहते हैं, 'क्या करते हम? कोई फिल्म नहीं चल रही हैं। दोनों ही फिल्में बुरी तरह पिट गईं। झटका लग गया हमें।'

### जल्द बंद हो जाएंगे थिएटर

रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ और थिएटर-मल्टीप्लेक्स अगले एक महीने के लिए बंद रहने की तैयारी में हैं। हालांकि, मल्टीप्लेक्स को पूरी तरह बंद नहीं किया जाएगा, बल्कि कुछ स्क्रीन्स बंद किए जाएंगे। एक सूत्र के हवाले से रिपोर्ट में आगे लिखा गया है, 'शुरुआत में अधिकतर सिनेमाघरों ने टिकट की कीमतों में कटौती की।




# रिश्तों की अहमियत सिखाता है 'दिल दोस्ती डिलेमा'




**मुंबई।** किशोरवय युवक-युवतियों की अपनी जिंदगी और सोच होती है, जो अक्सर मान्यताओं और परम्पराओं से बगावत करते हुए चलती है। अपने ख्यालों-ख्वाबों में खोई रहने वाली ये पीढ़ी अक्सर रिश्तों की कद्र नहीं करती। जाने-अनजाने कुछ ऐसा कर जाती है कि दिल टूट जाते हैं। अगर ना संभाले तो रिश्ते भी बिखर जाते हैं। इस उम्र की प्राथमिकताएं कुछ और होती हैं, जो जिंदगी देखने का नजरिया भी तय करती हैं। प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हुई सात एपिसोड्स की सीरीज दिल दोस्ती डिलेमा उम्र के इसी नाजुक मोड़ पर रिश्तों की अहमियत समझाने के साथ संदेश देती है। हालांकि, विषय पुराना लगता है, जिससे सीरीज पकड़ खोती नजर आती है। अस्सी के दौर में ऐसे विषय अक्सर फैमिली फिल्मों का हिस्सा बनते थे और दर्शक भावनाओं के सागर में डूबते-उतराते रहते थे।

# सालों बाद फिर साथ दिखेंगे इंस्पेक्टर दया और अभिजीत



**मुंबई।** सीआईडी फैन्स के लिए एक गुड न्यूज सामने आई है।आपके फेवरेट अभिजीत यानी आदित्य श्रीवास्तव और दया मतलब दयानंद शेट्टी एक बार फिर टीवी पर लौट रहे हैं। वो भी एक साथ. चलिये फिर देरी कैसी जल्दी पूरी बात जान लेते हैं। कई टेलीविजन सीरियल्स ऐसे हैं, जिन्होंने सालों तक दर्शकों का मनोरंजन किया है। यही वजह है जब सालों तक चलने वाले शोज अचानक बंद होते हैं, तो फैन्स के दिलों को काफी दुख पहुंचता है। ऐसे ही पॉपुलर शोज में सीआईडी का नाम भी शुमार है। इस शो ने तीन दशक तक टीआरपी लिस्ट पर राज किया। दर्शकों ने शो के किरदारों को भी खूब पसंद किया। इंस्पेक्टर दया, सीनियर इंस्पेक्टर अभिजीत और एसीपी प्रद्युमन जैसे कई किरदार हैं, जिन्हें आज भी लोगों का प्यार मिल रहा है। अब सीआईडी फैन्स के लिए एक गुड न्यूज सामने आई है। आपके फेवरेट अभिजीत यानी आदित्य श्रीवास्तव और दया मतलब दयानंद शेट्टी एक बार फिर टीवी पर लौट रहे हैं।

# ऑस्कर कांड के बाद विल स्मिथ की 'बैड बॉयज़' के चौथे पार्ट का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई।** हॉलीवुड की पॉप्युलर फ्रेंचाइजी फिल्म 'बैड बॉयज़' के चौथे पार्ट का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ऑस्कर थप्पड़ कांड के बाद इस फिल्म के साथ हॉलीवुड स्टार विल स्मिथ सिल्वर स्क्रीन पर कमबैक करने जा रहे हैं। फिल्म में धुआंधार एक्शन और डरावने फाइट सीन के साथ-साथ बीच-बीच में कॉमेडी भी है। हॉलीवुड की करीब 29 साल पुरानी फ्रेंचाइजी फिल्म 'बैड बॉयज़' के चौथी सीरीज का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस कॉप एक्शन कॉमेडी ड्रामा फिल्म में विल स्मिथ और मार्टिन लॉरेंस जासूस की भूमिका में दिख रहे हैं। बता दें कि ऑस्कर सेरिमनी 2022 अवार्ड्स में होस्ट क्रिस रॉक को थप्पड़ मारने की वजह से चर्चा में रहे विल स्मिथ की उस घटना के बाद ये पहली फिल्म रिलीज होने जा रही है। फिल्म की कहानी मियामी के एक पूर्व कैप्टन कॉनरैड हावर्ड की है, जिसके बारे में पता लगता है कि वो ड्रग बनाने वाली कंपनी के साथ कई साल से काम कर रहा है। विल को लग रहा है कि कैप्टर हावर्ड को फ्रेम किया जा रहा है।

kotak

## कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड

ई-नीलामी सह बिक्री हेतु आम सूचना

पंजीकृत कार्यालयः 27 बीकेसी, सी 27, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400051
कॉरपोरेट कार्यालयः कोटक इनफिनिटी, जोन- II, चतुर्थ तल भवन सं.21, इनफिनिटी पार्क, डब्ल्यू.ई. राजमार्ग, गोरेगांव, मुंबई-400097: शाखा/क्षेत्रीय कार्यालय : कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड, 5वाँ मेट्रो टावर, विजय नगर, इंदौर (म.प्र.) 452001

आम जनता को एवं विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के पास गिरवी रखी गई है और जिसका भौतिक कब्जा कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा दिनांक 14-02-2024 को ले लिया गया है और **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है'** के आधार पर बेचा जाएगा, जिसके लिए हमारे ई -नीलामी सेवा भागीदार, मेसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड यानी WWW.C1INDIA.COM पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ऑनलाइन जमा करने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं। जिसका विवरण नीचे दिया गया हैः-

| ऋणधारक (कों)/ जमानतदार (रों) बंधककर्ता (ओं) के नाम | मांग सूचना तिथि एवं राशि | अचल संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य | अचल संपत्तियों के निरीक्षण की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| ऋण खाता संख्या आरएचबी- 531275 एवं आरएचबी-482460 सीआरएन नं. 900044300<br>1. श्री मुकेश कुमार बरहैया (ऋणधारक)<br>2. श्रीमती निशा बरहैया (सह-ऋणधारक)<br>दोनों का पता : एलआईजी 90, वैशाली नगर, वार्ड क्र.10, सुपेला, भिलाई दुर्ग (छ.ग.) 490023 | मांग सूचना तिथि 17-08-2018 रू. 41, 23,099.98/- (इकतालीस लाख तेईस हजार निन्यान्बे रुपये एवं अन्ठान्बे पैसे मात्र), 17 अगस्त 2018 28-08-2023 को दर्शित | आवासीय संपत्ति भूमि की समस्त भूमि एवं भूखण्ड की अचल संपत्ति का क्षेत्रफल 1566 वर्गफीट एवं निर्मित भाग का क्षेत्रफल 1600 वर्गफीट। स्थिति-एलआईजी 90, हाऊसिंग बोर्ड, वैशाली नगर, भिलाई, वार्ड नं.10, सुपेला भिलाई दुर्ग पिन कोड 490023<br>चौहद्दी- पूर्वः एलआईजी 60, पश्चिमः रास्ता, उत्तरः एलआईजी 91, दक्षिण एलआईजी 89, स्वामी-श्री मुकेश कुमार बरहैया। | रुपये 72,77,500/- (रुपये बहत्तर लाख, सतहत्तर हजार, पाँच सौ मात्र)<br>**अमानत राशि जमा (ईएमडी)**<br>रुपये 7,27,750/- (रुपये सात लाख, सत्ताईस हजार, सात सौ पचास मात्र) | 20/07/2024 11:00 बजे - 12:00 बजे<br>**नीलामी की तिथि / समय**<br>03/06/2024 11:00 बजे से 12:00 बजे तक |

**बोली वृद्धि राशि 50,000/- प्रस्ताव / ईएमडी प्रस्तुति की अंतिम तिथिः - 31/05/2024 को 5.00 बजे शाम तक**

**बिक्री की महत्वपूर्ण नियम व शर्तेः-**
(1) नीलामी बोली दस्तावेज के आगे के नियमों और शर्तों और उसमें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आयोजित की जाती है। बोली दस्तावेज, ई-नीलामी के लिए रखी गई सुरक्षित संपत्ति का विवरण और बोली के लिए बोलीदाता हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता, मेसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट यानी https://www.bankeauctions.com पर जा सकते हैं। फॉर्म जो ऑनलाइन जमा किया जाएगा; (2) सभी इच्छुक क्रेताओं/बोलीदाताओं को ऊपर उल्लिखित वेब पोर्टल https://www.bankeauctions.com पर अपना नाम पंजीकृत करना होगा और उपरोक्त तिथि और समय पर नीलामी; ई-मेल में भाग लेने के लिए अपना यूजर आईडी और पासवर्ड निःशुल्क जनरेट करना होगा। (3) ई-नीलामी पर किसी भी पूछताछ, सूचना, समर्थन, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए, संभावित बोलीदाता हमारे ई-नीलामी सेवा भागीदार मिथलेश कुमार से के मेसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड विभाग से मोबाइल नंबरः 7080804466 और ई-मेल आईडीः mpcg@c1india.com और support@bankeauctions.com पर संपर्क कर सकते हैं। (4) प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी और सूचना के अनुसार, संपत्ति/संपत्तियों पर /बकाया/अपनी बोली जमा करने से पहले संपत्ति को प्रभावित करने संबंधी कोई अवरोध नहीं है। हालाँकि, इच्छुक बोलीदाता ऊपर उल्लिखित संपत्ति और उसके दस्तावेजों, संपत्ति/संपत्तियों के शीर्षक और दावों/अधिकारों के संबंध में या पूर्व नियुक्ति के साथ किसी अन्य तिथि और समय पर निरीक्षण कर सकते हैं और उन्हें ई-नीलामी पर रखी गई स्वतंत्र रूप से अपनी पूछताछ करनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन में केएमबीएल चाहे केएमबीएल को ज्ञात हो या अज्ञात की कोई प्रतिबद्धता या कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। संपत्ति सभी मौजूदा और भविष्य की बाधाओं के साथ बेची जा रही है, । प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार किसी भी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/बकाया के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा; ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इच्छुक खरीददारों/बोलीदाताओं को ब्याज मुक्त वापसी योग्य बयाना जमा (ईएमडी) के भुगतान का विवरण ऊपर निर्दिष्ट वेब पोर्टल (https://www.bankeauctions.com) पर पैन कार्ड, आधार कार्ड, निवास पते के प्रमाण, कंपनी के मामले में बोर्ड के संकल्प और पते के प्रमाण की स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ 'कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड' के पक्ष में दिल्ली में देय डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से ऊपर उल्लिखित सुरक्षित संपत्ति का विवरण जमा/अपलोड करना होगा। (5) अन्य सभी बोलीदाताओं की ईएमडी जो ई-नीलामी में सफल नहीं हुए, उन्हें केएमबीएल द्वारा ई-नीलामी बंद होने के 72 कार्य घंटों के भीतर वापस कर दिया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं लगेगा;
उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर को इसके द्वारा **सरफेसी अधिनियम के नियम 6(2), 8(6) और 9(1)** के तहत वैधानिक 30 दिन का नोटिस दिया जाता है ताकि वे पूरी देनदारी का निर्वहन कर सकें और भुगतान कर सकें। इस नोटिस की तारीख से तीस दिनों के भीतर अद्यतन ब्याज और खर्चों के साथ ऊपर उल्लिखित बकाया राशि जमा करें, ऐसा न करने पर सुरक्षित संपत्ति ऊपर उल्लिखित नियमों और शर्तों के अनुसार बेची जाएगी। यदि अंग्रेजी और स्थानीय भाषा वाले अखबार में बिक्री नोटिस के प्रकाशन के बीच कोई विसंगति है, तो ऐसी स्थिति में अंग्रेजी अखबार स्थानीय भाषा के अखबार का स्थान ले लेगा और इसे अंतिम प्रति माना जाएगा, जिससे अस्पष्टता दूर हो जाएगी। यदि उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता बिक्री की तारीख से पहले बैंक को देय राशि का पूरा भुगतान कर देता है, तो नीलामी रोक दी जाएगी।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, बैंक के उपरोक्त क्षेत्रीय कार्यालय में **प्राधिकृत अधिकारी श्री रवि द्विवेदी @9764443818 और श्री अशोक मोटवानी @ 9873737351** से संपर्क करें।
**विशेष निर्देशः** ई-नीलामी कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड (KMBL) की ओर से हमारे सेवा प्रदाता, मैसर्स C1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पूर्व-निर्दिष्ट तिथि पर आयोजित की जाएगी, जबकि बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य से ऊपर अपनी पसंद के अनुसार अपनी बोली के लिए अपने घर/कार्यालय/स्थान से बोली लगानी होगी। इंटरनेट कनेक्टिविटी और अन्य सामग्री आवश्यकताओं को बोलीदाताओं को स्वयं सुनिश्चित करना होगा। कृपया ध्यान दें कि इंटरनेट कनेक्टिविटी की विफलता (किसी भी कारण से, चाहे वह कुछ भी हो) पूरी तरह से बोलीदाताओं की जिम्मेदारी होगी और इन अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिए न तो केएमबीएल और न ही सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड जिम्मेदार होंगे। ऐसी आकस्मिक स्थिति से बचने के लिए, बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे सभी आवश्यक व्यवस्थाएं/विकल्प करें, ताकि वे ऐसी स्थिति से बच सकें और फिर भी ई-नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें। हालाँकि, बोलीदाताओं से अनुरोध है कि ऐसी किसी भी जटिल स्थिति से बचने के लिए अपनी बोली को उद्धत करने/सुधारने के लिए अंतिम क्षण तक प्रतीक्षा न करें।

स्थानः रायपुर (छ.ग.), दिनांकः 27/04/2024 — सही/- प्राधिकृत अधिकारी, कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड

## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के प्रतिभागीयों के नाम

**सांत्वना पुरस्कार** प्रदीप कुमार देवांगन पिता/पति छन्नू लाल देवांगन, वार्ड न. 69 माधव राव सप्रे वार्ड गणेश नगर रायपुर, जानकी नर्मदा पिता/पति तोष कुमार नर्मदा, ड्रीम होम्स गांधी नगर अमलीडीह रायपुर, प्रमिला तिवारी पिता/पति भूपेंद्र कुमार तिवारी, 37 कृष्णा सखा सोसायटी डी.डी. नगर रायपुर, विश्राम सिंह साहू पिता/पति स्व. चंदू राम साहू, माँ गायत्री ट्रेडर्स रिंग रोड के पीछे रायपुर, निहारती चंद्राकर पिता/पति दीपक चंद्राकर, शिव विहार कॉलोनी बोरियाखुर्द रायपुर, चंद्रमणि साहू पिता/पति चैतराम साहू, आदर्श नगर मोवा रायपुर, राजेस्वर साहू पिता/पति स्व. रामलाल साहू, सरोरा ठाकुर देव चौक रायपुर, दुर्गा मतेलकर पिता/पति सतीश मतेलकर, बांसटाल मार्ग रायपुर, भुवेश तिवारी पिता/पति भूपेंद्र कुमार तिवारी, कृष्णा सखा सोसायटी डंगनिया रायपुर, ललित कुमार घृतलहरे पिता/पति दुकलहा राम घृतलहरे, श्री राम चौक सतनामी पारा भाठागाँव रायपुर, राजकुमार लोधी पिता/पति अशोक लोधी, अमलेश्वर दुर्गा नगर रायपुर, गेंदलाल साहू पिता/पति रामसाय साहू, शीतला पारा उरकुरा रायपुर, दुलार सिंह पिता/पति समारू राम, विकास नगर रायपुर, किशन लाल टंडन पिता/पति बलिराम टंडन, वार्ड 5 बनरसी माना कैंप रायपुर, यशोदा साहू पिता/पति बाबाराम साहू, छत्तीसगढ़ नगर रायपुर, वेदांत यादव पिता/पति गोविन्द यादव, गुढ़ियारी रायपुर, बिसाहू राम साहू पिता/पति स्व. फगुआ राम साहू, गुलाल नगर देवपुरी रायपुर, धनेश्वरी यदु पिता/पति गोविन्द यदु, बड़ा अशोक नगर रायपुर, यशराज साहू पिता/पति के.के.साहू, माँ गायत्री ट्रेडर्स रिंग रोड संजय नगर रायपुर, लेखराज सोनी पिता/पति कमलेश सोनी, पंडरी लोधीपारा चौक रायपुर, मोहित पाल पिता/पति भुशंलाल पाल, संतोषी नगर चौरसिया कॉलोनी रायपुर, राधा सिन्हा पिता/पति नेमीचंद सिन्हा, ढोडरा परसदा रायपुर, जनक यादव पिता/पति निर्मल यादव, महावीर स्कूल के पीछे गुढ़ियारी रायपुर, विनायक वर्मा पिता/पति स्व. दुर्गाप्रसाद वर्मा, टेकरी अभनपुर, हरिशंकर वर्मा पिता/पति ब्रिजलाल वर्मा, अन्ना चौक गुढ़ियारी रायपुर, देवेन्द्र कुमार चंद्राकर पिता/पति रामगोपाल चंद्राकर, पलौद नया रायपुर, विद्या यादव पिता/पति मनोज कुमार यादव, गया नगर वार्ड न.-4 जिला दुर्ग, संतोष कुमार राजपूत पिता/पति तोरण सिंह, साईं नगर जिला दुर्ग, मुकेश कुमार साहू पिता/पति रामाधार साहू, श्री नगर उरला दुर्ग जिला दुर्ग, भागवत सेन पिता/पति श्री राम सेन, वार्ड न. 56 इंदिरा नगर बघेरा जिला दुर्ग, टेकु दास मानिकपुरी पिता/पति मोहन दास मानिकपुरी, वार्ड न. 40 केलाबाड़ी जिला दुर्ग, लक्ष्मी यदु पिता/पति रामसिंह यदु, ओम नगर उरला जिला दुर्ग, ललिता भारती पिता/पति कमल नारायण भारती, चिखली जिला दुर्ग, युवराज सिंह देवांगन पिता/पति परस राम देवांगन, शीतला नगर दुर्ग जिला दुर्ग, विजय कुमार पिता/पति भागवत, वार्ड -59 हरी नगर कातुल बोर्ड जिला दुर्ग, योग्य हरिहारनो पिता/पति योगेश कुमार हरिहारनो, किल्ला मंदिर के बाजू तमेर पारा जिला दुर्ग, तुकेंद्र ठाकुर पिता/पति अमर सिंह ठाकुर, हथखोज पारा उताई वार्ड न.-6 जिला दुर्ग, पुष्पेन्द्र कुमार पटेल पिता/पति नीलकंठ पटेल, वार्ड न. 5 भाठापारा उतई जिला दुर्ग, प्रमिला साहू पिता/पति भूषण लाल साहू, वार्ड न.-3 उतई जिला दुर्ग, धर्मेन्द्र यादव पिता/पति राम रतन यादव, पोंढर पुरई जिला दुर्ग, अंजू मारकंडे पिता/पति हरिश्चंद्र मारकंडे, पतोरा जिला दुर्ग, रोहित कुमार साहू पिता/पति झाड़ू राम साहू, पतोरा उतई जिला दुर्ग, कामोद सिंह ठाकुर पिता/पति जवाहर सिंह ठाकुर, वार्ड न. 03 संजय पारा भानुप्रतापपुर जिला कांकेर, माहेश्वरी ध्रुव पिता/पति अनिल कुमार ध्रुव, साकेत नगर गोविंदपुर जिला कांकेर, दिनेश कुमार डे पिता/पति स्व. एस के डे, श्यामा नगर कांकेर जिला कांकेर, हार्दिक वैष्णव पिता/पति उद्धव वैष्णव, बंधपारा वार्ड 13 कोंडागाँव जिला कोंडागांव, ललिता मरकाम पिता/पति राजाराम मरकाम, आर. ई. एस. कॉलोनी के पीछे हर्रा पड़ाव केशकाल जिला कोंडागांव, लोमश साहू पिता/पति सालिक राम साहू, देवरी जिला गरियाबंद, किशन लाल नंदे पिता/पति स्व. कुदुकराम नंदे, मडेली छुरा जिला गरियाबंद, तूफान पटेल पिता/पति बिरेन्द्र पटेल, संत कबीर दास वार्ड 22 सेक्टर नवापारा राजीम जिला गरियाबंद, धनेश देशलहरे पिता/पति केशव देशलहरे, नाराधा जिला दुर्ग, दाऊ लाल साहू पिता/पति शुभु राम, मोहदी मगरलोड जिला धमतरी, घनश्याम साहू पिता/पति चिंता राम साहू, देवरी झिरिया जिला धमतरी, संतोष कुमार साहू पिता/पति कैलाश साहू, कोलियारी जिला धमतरी, भैय्या लाल नाग पिता/पति स्व. खम्हन लाल नाग, सुभाष नगर वार्ड धमतरी जिला धमतरी, खोमन लाल साहू पिता/पति कन्हैया लाल साहू, मुजगहन लोहरसी जिला धमतरी, देवेन्द्र कुमार साहू पिता/पति प्रदीप कुमार साहू, मौरी खुर्द भैसमुडी जिला धमतरी, दया राम साहू पिता/पति स्व. सेवक राम साहू, बालाजी कॉलोनी महात्मा गाँधी वार्ड धमतरी जिला धमतरी, पूर्वी बन्छोर पिता/पति केशव बन्छोर, बेलोरा जिला धमतरी, कु नीलम साहू पिता/पति युवराज कुमार साहू, ग्राम बकली सिवनीकला जिला धमतरी, राधिका चंद्राकर पिता/पति रामरतन चंद्राकर, बैसमुंडी जिला धमतरी, श्रीमती बबिता साहू पिता/पति एस कुमार, ग्राम सिवनीकला जिला धमतरी, लीना साहू पिता/पति मनीष साहू, अरोदी मगरलोड जिला धमतरी, चंद्रशेखर गुप्ता पिता/पति होरी लाल गुप्ता, आकाश गंगा हाउसिंग धमतरी जिला धमतरी, कोयना साहू पिता/पति चन्द्रहास साहू, कंडेल जिला धमतरी, डॉ. गणेश प्रसाद साहू पिता/पति मनराखन लाल साहू, रुद्री रोड कर्मा चौक महात्मा गाँधी वार्ड धमतरी जिला धमतरी, मनोज कुमार साहू पिता/पति मुकेश साहू, खपरी जिला धमतरी, जयराम देवांगन पिता/पति पिलुराम देवांगन , वीर संवारकर वार्ड न.01 जगदलपुर जिला बस्तर, दिलीप रावल पिता/पति स्व. त्रिनाथ रावल, भैरमदेव वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर, अरुण कुमार कोर्राम पिता/पति बरनु राम कोर्राम, डौंडी जिला बालोद, उषा देवांगन पिता/पति संजय कुमार देवांगन, तुलसीपुर राजनादगांव जिला राजनांदगांव, प्रियंक जैन पिता/पति प्रमोद जैन, वार्ड 03 डोंगरगांव जिला राजनांदगांव, दीपिका गुप्ता सोनी पिता/पति अरुणेश कुमार सोनी, वार्ड न. 44 कौरिनभाटा जिला राजनांदगांव, कनक राम साहू पिता/पति कांशी राम साहू, झिघराटोला जिला राजनांदगांव, धनी राम देवांगन पिता/पति बिसेसर देवांगन, तुलसीपुर राजनादगांव जिला राजनांदगांव

सांत्वना पुरस्कार की शेष सूची अगले अंक में देखें